तापमान

अधिकतम 28 डिग्री

न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, बुधवार 2 जुलाई 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



13 शिक्षक साझा मंच ने चार सूत्रीय मांग को लेकर किया प्रदर्शन





14 मौसमी सब्जी फूटू और बोड़ा ने दी बाजार में दस्तक




## राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर धमतरी के प्रतिष्ठित चिकित्सकों का हरिभूमि ने किया सम्मान....





**धमतरी।** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस/डाक्टर्स डे पर मंगलवार को नगर के प्रतिष्ठित चिकित्सकों का उनके संस्थान पर जाकर हरिभूमि ब्यूरो कार्यालय की ओर से श्रीफल, गुलदस्ता एवं अंगवस्त्र देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर धमतरी क्रिश्चयन अस्पताल के डॉ. संदीप पटौंदा, हीरा डेंटल क्लिनिक के डॉ. अभिषेक गोयल, एकता हास्पिटल के डॉ. अभिषेक लॉज, श्री गोपाला हास्पिटल के डॉ. सीएल साहू, चटर्जी हास्पिटल के डॉ. सुधीर चटर्जी, डेनियल स्किन एण्ड लेजर क्लिनिक के डॉ. वैभव डेनियल, ओजस्वी नर्सिंग होम के डॉ.राहुल सिंह ठाकुर, श्री गायत्री आरोग्यम के डॉ. दिनेश नाग, गुप्ता हास्पिटल के डॉ. सुमीत गुप्ता, सिद्धि विनायक अस्पताल के डॉ. विजय रावत, नंदा हास्पिटल के डा. उत्कर्ष नंदा एवं सरसकृष्ण अस्पताल के डॉ. आरएस गुप्ता सम्मानित हुए। इस अवसर पर हरिभूमि ब्यूरो चीफ उमेश सिंह बशिष्ट, विज्ञापन प्रभारी रवि सिंह राजपूत उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### सिंगल हाथी की ड्रोन से निगरानी



**धमतरी।** शहर से करीब 10 किमी दूर मखना हाथी के विचरण से दर्जनभर गांवों में दहशत का माहौल है। गत दिनों एक युवक को कुचलकर मारने के बाद इस हाथी पर वन विभाग की कड़ी नजर है। मंगलवार को संयुक्त वन मंडलाधिकारी ने ड्रोन से हाथी की निगरानी करने दल को आवश्यक निर्देश दिए। धमतरी डिप्टी रेंजर राकेश कुमार तिवारी ने बताया कि सिंगल हाथी ग्राम लसुनवाही, भोयना, शकरवारा, बरारी से लगे हुए वनक्षेत्र क्र. 167, 169, 165 में विचरण कर रहा है। हाथी निगरानी दल सतत भ्रमण कर हाथी की निगरानी कर रहा है। हाथी के लोकेशन को देखते हुए गंगरेल, मरादेव, भंवरमरा, फूटहामुड़ा, रामपुर, बागेडार, सिरौद, जोगीडीह, लीलर, कोटाभर्री, मुड़पार, शकरवारा, बरारी, लसुनवाही, भोयना के ग्रामीणों को अलर्ट किया गया है कि रात में जंगल के रास्ते का उपयोग नहीं करें। दिन में खेत सतर्क होकर जाएं। हाथी का मूवमेंट किसी भी क्षेत्र में हो सकता है। सरपंचों को गांवों में मुनादी कराने कहा गया है।

### पेंशनर एसोसिएशन की मासिक बैठक 6 को

**धमतरी।** पेंशनर एसोसिएशन जिला शाखा धमतरी की मासिक बैठक 6 जुलाई रविवार को दोपहर 12 बजे पेंशनर एसोसिएशन भवन धमतरी में रखी गई है। संघ अध्यक्ष विरेंद्र नाग एवं सचिव मोतीलाल हिरवानी ने सदस्यों से उपस्थिति की अपील की है।

### देवपुर में निषाद समाज की तिमाही बैठक 6 को

**मगरलोड।** छत्तीसगढ़ निषाद समाज 22 पाली डोंगेश्वर परिक्षेत्र देवपुर की तिमाही बैठक 6 जुलाई रविवार को सुबह 11 बजे रामजानकी मंदिर प्रांगण देवपुर में रखी गई है। यह जानकारी पाली अध्यक्ष फगनू निषाद, महासचिव नील निषाद, मीडिया प्रभारी पवन निषाद ने दी है।

### 29 की वेतनवृद्धि रोकने का प्रस्ताव और कई के निलंबन की सिफारिश

# बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट आया खराब कलेक्टर ने ली प्राचार्यों की क्लास

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बोर्ड परीक्षा में कई स्कूलों का रिजल्ट खराब आया। रिजल्ट की एनालिसिस के बाद कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने खराब रिजल्ट देने वाले प्राचार्य की क्लास ली। उन्होंने सख्त चेतावनी दी है कि तिमाही और छमाही परीक्षा में इन स्कूलों का परफार्मेंस नहीं सुधारा जाता है तो इसके लिए जिम्मेदार शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

इस साल दसवीं और बारहवीं कक्षा का रिजल्ट संतोषप्रद नहीं रहा। कई स्कूलों का परफार्मेंस काफी खराब रहा। इस खराब परफार्मेंस पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की और गंभीरता से लेते हुए मंगलवार को इन स्कूल के प्राचार्यों की क्लास ली। बैठक में कलेक्टर ने इन प्राचार्यों से रिजल्ट खराब का कारण पूछा। अधिकांश स्कूलों के प्राचार्य के जवाब से वे संतुष्ट नहीं हुए और खराब रिजल्ट देने वाले हाईस्कूल के 14 और हायर सेकेण्डरी स्कूल के 15 प्राचार्यों की वेतन वृद्धि रोकने और 30 प्रतिशत से कम रिजल्ट देने वाले प्राचार्यों को निलंबित करने के लिए प्रस्ताव बनाकर संचालक, स्कूल शिक्षा को भेजने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

इस शिक्षण सत्र में उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारने पर जोर दिया। तिमाही और छमाही परीक्षाओं में स्कूलों का रिजल्ट सुधारने की सख्त हिदायत दी। साथ ही चेतावनी दी है कि तिमाही और छमाही परीक्षा में रिजल्ट खराब आने पर प्राचार्यों के विरूद्ध निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने छात्रों की नियमित उपस्थिति के लिए पालकों के साथ बैठक करने और शाला प्रबंधन समिति की नियमित बैठक करने को भी कहा। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी टीआर जगदल्ले सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



### लापरवाही बर्दाश्त नहीं

कलेक्टर श्री मिश्रा ने दसवीं और बारहवीं के विद्यार्थियों की परीक्षाओं की तैयारी कराने के लिए सभी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने इसके लिए छात्रों की अतिरिक्त कक्षाएं लगाने, प्रश्न बैंक तैयार करने और मासिक परीक्षा लेने और परीक्षा परिणामों का सतत मूल्यांकन करने के निर्देश दिए। मिशन उत्कर्ष में दिये गये कैलेण्डर, पाठ्यक्रम, समय सारिणी अनुसार बच्चों की मासिक तैयारी कराने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता परखने के लिए स्कूलों का निरीक्षण किया जायेगा। इस दौरान स्कूल में मासिक परीक्षा, पढ़ाये गये पाठ्यक्रम, छात्रों द्वारा दी गयी परीक्षा और रिजल्ट की जांच की जायेगी। लापरवाही पाये जाने पर संबंधित संस्था के प्राचार्य पर कार्रवाई की जाएगी।

# दर्रा के ग्रामीणों ने दी स्कूल में तालाबंदी की चेतावनी



■ अभद्र व्यवहार करने वाले शिक्षकों पर तीन दिन के भीतर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अभद्र व्यवहार करने वाले शिक्षकों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होने से नाराज ग्रामीणों ने स्कूल में तालाबंदी करने की सूचना कलेक्टर, जिला शिक्षाधिकारी को दी है।

सोमवार को कुरूद विकासखंड के ग्राम दर्रा सरपंच, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष उदयकुमार, पालकगण टीकाराम, गिरवर साहू, अश्वनी साहू, निरंजन साहू, द्रुपतकुमार, पुष्पा, गोमती, सीमा, कुसुम ने कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन सौंपकर कहा है कि दर्रा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के शिक्षक मनोकुमार साहू एवं मनोजकुमार देवांगन ने गांव के तत्कालीन सरपंच त्रिलोचन साहू, शाला विकास समिति के अध्यक्ष उदयराम साहू एवं सदस्यों से गाली-गलौज की है। इसकी जानकारी पूर्व में जिला शिक्षाधिकारी को दी गई थी, लेकिन अभद्र व्यवहार करने वाले शिक्षकों पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। शिक्षकों के साथ शाला प्रबंधन समिति, ग्रामीणों के बीच व्यवहार दिन प्रतिदिन खराब होते जा रहा है। ग्रामीणों ने आवेदन में कहा है कि शिक्षकों के विरूद्ध तीन दिवस के अंदर कार्रवाई नहीं होने पर शाला विकास प्रबंधन समिति एवं ग्रामीणों द्वारा शासकीय माध्यमिक शाला दर्रा में तालाबंदी की जाएगी, जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शिक्षा विभाग की होगी।

# पंचायत में निर्माण कार्य के लिए आरईएस को एजेंसी बनाने से सरपंच संघ नाराज



■ मगरलोड विखं अंतर्गत कुछ कमारडेरा में आंगनबाड़ी निर्माण की मिली है स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम पंचायतों में स्वीकृत विकास कार्यों के लिए आरईएस को एजेंसी बनाए जाने से सरपंच संघ मगरलोड नाराज है। संघ के पदाधिकारियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कार्य एजेंसी पंचायत को बनाने की मांग की है।

सरपंच संघ मगरलोड अध्यक्ष श्रीमती राखी साहू, उपाध्यक्ष भोजराम साहू, संघ के कोषाध्यक्ष, सचिव आदि ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि ग्राम पंचायतों को 50 लाख रूपये तक का निर्माण कार्य करने का अधिकार है लेकिन जनमन योजना के तहत स्वीकृत आंगनबाड़ियों का निर्माण करने आरईएस को एजेंसी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत बेलोरा कमारपारा, परसागुड़ा कमारपारा, भंडारवाही कमारपारा, मोहेरा के धिकुड़िया में जनमन योजना के तहत आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य स्वीकृत हुआ है। 11 लाख 69 हजार के इस भवन को बनाने आरईएस को एजेंसी बनाया गया है। सरपंच संघ ने गांवों में होने वाले निर्माण कार्यों के लिए ग्राम पंचायत को एजेंसी बनाने की मांग की है न कि किसी अन्य विभाग को।

**खतरनाक तरीके से बस को रोकने का किया था प्रयास**

# स्टंटबाज बाइकर्स के खिलाफ पुलिस ने की कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नेशनल हाइवे से गुजर रही यात्री बस को खतरनाक तरीके से रोकने का प्रयास करने वाले स्टंटबाज बाइकर्स के खिलाफ पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की है।



सोशल मीडिया पर बीते दिनों बाइक सवारों द्वारा रात्रि में नेशनल हाइवे से गुजर रही मनीष ट्रेवल्स की बस को बाइक सवारों ने बार-बार ओव्हरटेक करते हुए खतरनाक तरीके से रोकने व चालक व कंडक्टर के साथ गाली-गलौज करने का वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें बाइक सवार दो युवकों बार-बार बस के आगे व साइड में जाकर बस को रोकने का प्रयास करते दिख रहे थे। बाइकर्स की इन हरकतों से बस में सवार यात्री दहशत में आ गए थे।



वायरल वीडियो को एसपी सूरजसिंह परिहार ने संज्ञान में लेते हुए पुलिस को कड़ी कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। अर्जुनी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बाइकर्स की पहचान साहिद बेग पिता रशीद बेग उम्र 19 वर्ष जालमपुर निवासी के तौर पर की गई। बाइकर्स के पास बाइक चलाते समय ड्राइविंग लायसेंस नहीं होना, बिना हेलमेट, बिना पंजीयन नंबर की बाइक का उपयोग करना तथा खतरनाक व लापरवाहीपूर्वक बाइक चलाते पाया गया। आरोपी साहिद बेग के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता अंतर्गत धारा 170, 126, 135(3) का उल्लंघन करते पाए जाने पर अर्जुनी पुलिस द्वारा प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। वहीं मोटर साइकिल अधिनियम के तहत भी पुलिस ने कार्रवाई की है।

### कार्रवाई अधूरी है

बस को खतरनाक तरीके से रोकने का प्रयास करने वाले दो युवक बाइक में सवार थे। वायरल वीडियो में स्पष्ट दिख रहा है कि बाइक चला रहा युवक खतरनाक तरीके से बस को ओव्हरटेक कर रहा है। जबकि पीछे सवार युवक चलती बाइक में खड़ा होकर स्टंट दिखाते हुए बस चालक को इशारा करते हुए चिल्ला रहा है।

# नयापारा राजिम का युवक चाकू लहराते गिरफ्तार



**एकलव्य खेल मैदान में लोगों को डरा-धमका रहा था**

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

एकलव्य खेल मैदान में धारदार चाकू लहराकर लोगों को डरा धमका रहे नयापारा राजिम के युवक को कोतवाली की पेट्रोलिंग टीम ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस द्वारा अपराध व अपराधियों के खिलाफ जमकर अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत पुलिस की टीम शहर के सूनसान इलाकों, खेल मैदानों की पेट्रोलिंग कर अड्डेबाजी करने, हथियार रख घूमने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ लगातार कठोर कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में कोतवाली की टीम पेट्रोलिंग पर निकली थी। इसी दौरान पुलिस को एकलव्य खेल मैदान के पास एक युवक द्वारा धारदार चाकू लेकर लोगों को डराने धमकाने की सूचना मिली।

पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंच घेराबंदी कर संदिग्ध युवक को पकड़ पूछताछ की। इस दौरान संदिग्ध ने अपना नाम टेमन डहरिया पिता घनाराम उम्र 21 वर्ष सतनामीपारा सदर रोड नवापारा राजिम जिला रायपुर निवासी बताया। युवक की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक नग धारदार प्रतिबंधित लोहे का चाकू बरामद किया गया। पुलिस ने बरामद चाकू को जप्त कर आर्म्स एक्ट 25, 27 के तहत आरोपी टेमन डहरिया को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

### असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी

एसपी सूरजसिंह परिहार के निर्देशन में जिले में गुंडा, बदमाश, निगरानी बदमाश एवं चाकूबाजी जैसी गंभीर घटनाओं में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ लगातार कड़ी कार्रवाई की जा रही है। कानून व्यवस्था को बनाए रखने ऐसे असामाजिक तत्वों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

### भारतमाला परियोजना भू-अधिग्रहण में आया नया मोड़

# राजपत्र में प्रकाशन के बाद जमीन की रजिस्ट्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भारतमाला परियोजना में जमीन अधिग्रहण फर्जीवाड़ा मामला में नया मोड़ आया है। सिवनीकला के सरपंच, जनपद सदस्य पंच सहित ग्रामीणों ने राजपत्र में प्रकाशन के बाद जमीन की खरीदी, बिक्री नामांतरण की शिकायत की है।

कलेक्टर जनदर्शन में पहुंचे सिवनीकला सरपंच लता ध्रुव, जनपद सदस्य टेकराम साहू, उप सरपंच दीपदान साहू, टिकेश्वर चन्द्राकर, पंच गायत्री साहू, किसन पटेल, लोमेश कुमार, अंकुश चन्द्राकर, सुरेश, राधिका, कृष्ण कुमार, रेणुका कुर्रे, सुषमा साहू सहित करीब 60-70 ग्रामीणों ने कलेक्टर से पूरे दस्तावेजों के साथ शिकायत की है कि भारतमाला परियोजना विशाखापट्नम रोड के लिए राजपत्र में भू-अधिग्रहण का प्रकाशन 1 जनवरी 2019 को हुआ है। राजपत्र में प्रकाशन होने के बाद जमीन की खरीदी बिक्री और नामांतरण पर विधिवत प्रतिबंध लग जाता है लेकिन गांव के एक किसान ने खसरा नंबर 11 रकबा 0.15 हेक्टेयर की 11 नवम्बर 2021 में फर्जी ढंग से तीन टुकड़ों में 0.05, 0.05 में रजिस्ट्री कराई है। जबकि रजिस्ट्री के एक माह पूर्व मुआवजा राशि का वितरण शुरू हो गया था।

ग्रामीणों का कहना है कि भू-अधिग्रहण का खूंटा गड़ाने, चूना से मार्किंग होने के बाद भी रजिस्ट्रार से सांठ -गांठ कर फर्जी रजिस्ट्री की गई है। उन्होंने मांग की है कि प्रकाशन के बाद रजिस्ट्री किस आधार पर हुई, इसकी जांच कर संबंधित अधिकारी, कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

**सिवनीकला पंचायत के जनप्रतिनिधियों सहित ग्रामीणों ने बोला हल्ला**



### ज्यादा मुआवजा लेने का खेल

भारत माता परियोजना में भू-अधिग्रहण के मामले में प्रशासन की जमकर किरकिरी हो रही है। प्रकाशन के बाद रजिस्ट्री को कुरूद तहसीलदार ने खारिज कर दिया है। वहीं कुरूद एसडीएम ने मुआवजा राशि नहीं दी है। बताया जाता है कि जमीन के तीनों टुकड़ों की 78 लाख रूपये मुआवजा राशि बनती है।

### डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण पर प्रशिक्षण 3 को

**धमतरी।** भारत सरकार कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रदेश के 3 जिलों धमतरी, महासमुंद और कबीरधाम को खरीफ मौसम 2025 के लिए डिजिटल फसल सर्वेक्षण हेतु पायलट प्रोजेक्ट के रूप में चयन किया गया है। इसके तहत जिले के सभी तहसीलदार, अतिरिक्त तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, डाटा एंट्री ऑपरेटर भुईयां और प्रत्येक राजस्व मंडल के अच्छे व तकनीकी ज्ञान रखने वाले 2-2 पटवारियों को जिले के मास्टर ट्रेनर द्वारा 3 जुलाई को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण सुबह 11 बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में नायब तहसीलदार जितेन्द्र डहरे और राजस्व निरीक्षक भू अभिलेख दीपचंद भारती द्वारा दिया जाएगा।


हरिभूमि **पाठक सूचना**

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप



### रामकरण ने एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

**मगरलोड।** स्वामी विवेकानन्द स्टेडियम कोटा में आयोजित 21वीं सीनियर राज्य स्तरीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप 28 एवं 29 जून को हुई। इस प्रतियोगिता में मेघा निवासी रामकरण निषाद पिता गणेशराम निषाद ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त कर धमतरी जिला सहित ग्राम मेघा और अपने परिवार का नाम गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि पर मेघा के व्यापारी संघ के सहसचिव चंद्रशेखर विश्वकर्मा, खेमूराम चौरे, ईश्वर साहू समेत अनेक खेल प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### समाजसेवी ने मुक्तिधाम करेठा में किया पौधारोपण



**धमतरी।** समाजसेवी सोहन सिन्हा, शेषनारायण यादव, शैलेन्द्र सिन्हा, वेदनारायण सिन्हा ने मुक्तिधाम करेठा में करंज के दो और गुलमोहर का एक पौधा रोपा। सोहन सिन्हा हमेशा सामाजिक सहयोग, धार्मिक कार्यक्रम व जरूरतमंद लोगों को रक्तदान करने के लिए भी प्रेरित करते है। श्री सिन्हा ने कहा कि एक मनुष्य के लिए 16 पेड़ की आवश्यकता होती है, जिससे हमें शुद्ध वायु मिलती है। अपने बच्चों के जन्म पर एक पौधा जरूर लगाएं।

चार सूत्रीय मांगों को लेकर किया प्रदर्शन, जिलाधीश के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

# युक्तियुक्तकरण के विरोध में शिक्षकों ने की आवाज बुलंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

शिक्षा विभाग के दोषपूर्ण युक्तियुक्तकरण के खिलाफ नगरी ब्लाक के हजारों शिक्षक एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में शामिल हुए, जिससे ब्लाक के सभी स्कूल में तालाबंदी की स्थिति निर्मित हो गई। शिक्षक साझा मंच विकासखंड नगरी ने अपनी 4 सूत्रीय मांगों को लेकर रैली निकालकर मुख्यमंत्री, शिक्षा सचिव, संचालक लोक शिक्षण एवं जिलाधीश के नाम एसडीएम नगरी को ज्ञापन सौंपा। रावणभाटा मैदान में शिक्षक साझा मंच के बैनरतले ब्लाक के सैकड़ों शिक्षक शिक्षिकाओं ने अपनी 4 सूत्रीय मांग के समर्थन में जमकर नारेबाजी कर स्कूलों में लागू युक्तियुक्तकरण का जमकर विरोध किया गया।

ब्लॉक संचालक शैलेन्द्र कौशल ने बताया कि नगरी विकासखंड के सैकड़ों शिक्षक-शिक्षिकाओं ने चार सूत्रीय मांगों को लेकर बरसते पानी की परवाह न करते हुए धरना स्थल पर अपनी आवाज बुलंद की। शासन को युक्तियुक्तकरण नियम 2024 के अनुसार हुए युक्तियुक्तकरण को निरस्त कर 31 मार्च 2008 के सेटअप के आधार पर युक्तियुक्तकरण करने, क्रमोनीति का जनरल आर्डर जारी करने, पूर्व सेवा अवधि के आधार पर व्याख्याता एवं प्राचार्य प्रमोशन में बीएड की अनिवार्यता को शिथिल करने की मांग की।




ब्लॉक संचालक पदुमलाल साहू ने अपने कहा कि युक्तियुक्तकरण के कारण न सिर्फ शिक्षक बल्कि विद्यार्थियों एवं पालकों को भी नुकसान हुआ है। शरीफ़ बेग मिर्जा, तीरथराज अटल, टीकमचंद सिन्हा, तोमल साहू, सुरेश ध्रुव, प्रकाशचंद साहू एवं कैलाश सोन ने कहा कि युक्तियुक्तकरण शिक्षा विभाग का काला अध्याय के रूप में जाना जाएगा। आज एक शिक्षक जो कई वर्षों से जिस स्कूल में सेवा दे रहा था, उन्हें अतिशेष बताकर अपने स्कूल से दूर अन्यत्र जिला में उसकी पदस्थापना की जा रही है।

धरना प्रदर्शन में ललित प्रसाद शर्मा, जशपाल खनूजा, जोहन नेताम, सुरेश ध्रुव, डोमार ध्रुव, गजानंद सोन, लोचन साहू, अमृतलाल साहू, राजकुमार, सावित्री साहू, ममता प्रजापति, शशिकला बैरागी, चुलेश्वरी पायल, नरेश सोम, पवन साहू, महेश कोसरे, यशपाल साहू समेत सैकड़ों शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल हुए।

## लाइवलीहुड कॉलेज में निःशुल्क प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

जिले में संचालित मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना में प्रशिक्षणरत विद्यार्थियों को एम्प्लॉयबिलीटी स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत लाइवलीहुड कॉलेज में 1 से 7 जुलाई तक निःशुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सहायक परियोजना अधिकारी ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य वंचित एवं आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को नौकरी योग्य बनाने के लिए आवश्यक सॉफ्ट स्किल, लाइफ स्किल, इंटरव्यू प्रिपरेशन और अन्य सहायक कौशल प्रदान कर उनकी आजीविका एवं आर्थिक सुदृढ़ करना है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर लाइवलीहुड कॉलेज में अध्ययनरत 60 महिला प्रशिक्षणार्थियों को 1 से 7 जुलाई तक नंदी फाउंडेशन नई दिल्ली द्वारा एम्प्लॉयबिलीटी स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत 40 घंटे का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## नपं अध्यक्ष ने एसपी से की धार्मिक आस्था पर चोट पहुंचाने वालों को कड़ी सजा देने की मांग

- असामाजिक तत्वों के खिलाफ हो निरंतर कार्रवाई : ज्योति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

कुरूद के चंडी मंदिर और काली मंदिर में चोरी की वारदात को अंजाम देने वालों को पुलिस ने पकड़कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। इन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर ने एसपी व एसडीओपी से भेंट की।

श्रीमती चंद्राकर ने एसपी से कहा कि हमारे धर्म, मंदिरों और हमारे नगर की अराध्य देवी मां चंडी की आस्था पर चोट पहुंचाने वालों के ऊपर कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने बताया कि कुरूद में बाहर से आये लोगों की जांच होगी। रोहिंग्या मुसलमानों और बांग्लादेशी सहित बाहरी लोगों के लिए सर्वे किया जा रहा है। संदिग्ध लोगों की सूचीबद्ध करके पुलिस प्रशासन एवं नगर प्रशासन संयुक्त अभियान चलायेगा। महिला कमांडो की सक्रियता का लाभ कुरुद को मिल रहा है। असामाजिक गतिविधियों पर नकेल कसने सीसीटीवी प्रमुख सार्वजनिक जगहों पर लगाया जाएगा। विधायक प्रतिनिधि भानु ने आने वाली पीढ़ियों को बर्बाद करने वाले लोगों एवं ननिहालों को नशे की गिरफ़्त में डालने वाले लोगों पर निरन्तर कार्रवाई करने की मांग दोनों पुलिस अधिकारियों से की है।



## शासकीय हाईस्कूल, माध्यमिक शाला में तिलक लगाकर किया नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

शासकीय माध्यमिक शाला घठुला में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि जनपद सभापति प्रेमलता नागवंशी थीं। उन्होंने नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत। उन्हें निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें वितरित की गई।

मौके पर शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष बीरेन्द्र मिश्रा, सरपंच सरिता ध्रुव, भाजपा बेलर मंडल महामंत्री मोनू साहू, गोवर्धन यादव, उत्तम साहू, कीर्तु साहू, मानिक पटेल, प्राचार्य राजेश कश्यप, शिक्षक पी. साहू, सीएल साहू, एचके जांगड़े, श्री नेताम, एनके कौशल, ए. मेमन, एसके रेड्डी, तेज नाग, ईश्वर पटेल सहित हाईस्कूल, माध्यमिक शाला, प्राथमिक शाला के स्टाफ व ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## बालिका के शिक्षित होने पर पूरा परिवार शिक्षित होता है : तारिणी

- शासकीय हाईस्कूल भुसरेंगा में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

शासकीय हाईस्कूल भुसरेंगा में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि तारिणी चंद्राकर पूर्व सभापति जिला पंचायत धमतरी रहीं। उन्होंने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक वंदन, गुलदस्ता भेंट कर व मुंह मीठा कराकर विद्यालय में नवप्रवेश कराया।

विद्यालय स्तर पर आयोजित इस कार्यक्रम में अतिथियों ने नवप्रवेशी बच्चों को पुस्तक वितरण एवं पौधरोपण किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि तारिणी चंद्राकर ने कहा कि शिक्षा का यह मंदिर उनके हर सपने को साकार करने का माध्यम बनेगा। वे अपने आत्मविश्वास एवं ईमानदारी के साथ पढ़ाई करें और पुस्तकों के प्रति प्रेम का भाव जगाएं। उन्होंने बालिका शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि अगर किसी घर की लड़की शिक्षित होती है तो एक नहीं बल्कि दो परिवार शिक्षित होता है। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य यदुनंदन साहू ,पूर्व सरपंच रामाधीन निर्मलकर, किशन साहू, महिम शुक्ला, सदानंद साहू , गजेंद्र साहू, लीलेश साहू, चंपालाल पाल, गणेश यादव, मिलाप पाल, व्याख्याता श्रीमती गीता यादव, व्याख्याता श्रीमती लता देवांगन, व्याख्याता श्रीमती सुनीता कोसरिया, व्याख्याता कल्याण सिंह कोसरे सहित पालकगण और ग्रामवासी उपस्थित थे।



## कुरूद कॉलेज में जनभागीदारी समिति की बैठक में कई विषयों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

संत गुरू घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद में जनभागीदारी की सामान्य सभा (बैठक) रखी गई, जिसमें नवनियुक्त अध्यक्ष टिकेश साहू का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। बैठक में गत बैठक के प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया। महाविद्यालय के विकास कार्य हेतु अनेक प्रस्ताव पर चर्चा की गई। सदस्यों द्वारा वर्ष 2024-25 के आमद खर्च का अवलोकन, महाविद्यालय की साफ-सफाई, साइकिल स्टैण्ड, जनभागीदारी शिक्षकों की नियुक्ति, स्टेशनरी एवं प्रायोगिक सामग्री हेतु राशि स्वीकृत की गई। पौधरोपण सप्ताह पर महाविद्यालय में पौधरोपण कराने एवं छात्रों के लिए गार्डन विकसित करने पर चर्चा की गई। सदस्यों ने महाविद्यालय का भ्रमण किया एवं महाविद्यालय की स्थिति से अवगत हुए। महाविद्यालय में असामाजिक तत्वों एवं सुरक्षा की दृष्टि से बाऊण्ड्रीवाल बनाने पर चर्चा की गई।

बैठक में अध्यक्ष टिकेश साहू, सूरज देवांगन सांसद प्रतिनिधि, भोजराज चन्द्राकर विधायक प्रतिनिधि, अनुराधा साहू, महेश केला, सुरेश वर्धयानी, मनीष सारथी, खेमराज सिन्हा, शशांक कृदत्त, लोमश यादव, टीकम कटारिया, टिकेश, भारत भूषण पंचायत, वर्षा निर्मलकर, प्राचार्य डॉ. अरूण मिश्रा, डॉ. आरके पाण्डेय, प्राध्यापक, संयोजक एमएस साहू, सहायक प्राध्यापक भूगोल, डॉ. हितनारायण टण्डन विभागाध्यक्ष प्राणीशास्त्र, पवन ताम्रकार विभागाध्यक्ष-वाणिज्य उपस्थित थे।



सिलौटी स्कूल में छात्रों का सम्मान कर मनाया शाला प्रवेश उत्सव

## शिक्षा जीवन की सबसे बड़ी नींव : गीतेश्वरी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोर्रा(भखारा)

शासकीय प्राथमिक शाला सिलौटी में हायर सेकेण्डरी, माध्यमिक शाला व प्राथमिक शाला के संयुक्त तत्वावधान में शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गीतेश्वरी हेमंत साहू जनपद अध्यक्ष कुरूद व अनिल राव शिन्दे सरपंच सिलौटी थे। अध्यक्षता दुलार सिन्हा अध्यक्ष शाला विकास एवं प्रबंधन समिति हायर सेकेण्डरी ने की। विशिष्ट अतिथि समस्त पंच थे। मुख्य अतिथि गीतेश्वरी साहू ने कहा कि शिक्षा जीवन की सबसे बड़ी नींव होती है। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नैतिक मूल्यों और विद्यालयीन परिवेश के महत्व पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर नवप्रवेशी छात्रों का तिलक लगाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। बच्चों को निःशुल्क पाठ्य-पुस्तकें वितरित की गई। सत्र 2024- 25 में दसवीं बोर्ड परीक्षा में कक्षा में प्रथम व जिले की प्रावीण्य सूची पांचवां स्थान प्राप्त भूमिका साहू को समाजसेवी दूलार सिन्हा ने 11000 की नगद राशि प्रदान कर सम्मानित किया। इसी तरह कक्षा में द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त खिलेश्वरी साहू, दिपांशु साहू व भूमिका साहू को प्राचार्य बी पदमा राजेश बघेल द्वारा क्रमशः 5-5 हजार व 3 हजार रुपए की नगद राशि प्रदान की गई। समाजसेवी दुलार सिन्हा ने कहा कि शाला प्रवेशोत्सव का उद्देश्य बच्चों में शाला के प्रति उत्साह और आत्मीयता का भाव जगाना है। परीक्षा में अच्छे परिणाम और सर्वांगीण विकास के लिए लक्ष्य निर्धारित करने तथा पर्यावरण संरक्षण, जल संचय की बात कही। आभार प्रदर्शन प्राचार्य बी पदमा राजेश ने किया। कार्यक्रम में चन्द्रवती साहू, अनुज साहू, अजय यादव, संतोष जैन, मेहताब साहू समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## संगम समिति ने दी डॉ. सुरेंद्र दुबे को श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

हिंदी और छत्तीसगढ़ी के सुप्रसिद्ध हास्य व्यंग्य कवि पद्मश्री डॉ सुरेंद्र दुबे के आकस्मिक निधन पर संगम साहित्य एवं सांस्कृतिक समिति मगरलोड ने शोक श्रद्धांजलि अर्पित की है। वरिष्ठ साहित्यकार जेआर साहू ने कहा कि दशकों से कवि सम्मेलन के मंचों पर अपने हास्य व्यंग, कविताओं से श्रोताओं को गुदगुदाने वाले डॉ सुरेंद्र दुबे अचानक अपने चाहने वालों को सिसकते बिलखते छोड़ गए। वरिष्ठ साहित्यकार पुनूराम साहू ने डॉ सुरेंद्र दुबे के प्रथम बार मगरलोड प्रवास को स्मरण करते हुए कहा कि डॉ सुरेंद्र दुबे को मगरलोड कार्यक्रम में आने हेतु निवेदन किया तो उन्होंने व्यस्तता के बावजूद भी इनकार नहीं किया और 28 नवंबर 2010 को छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के जिला स्तरीय कार्यक्रम में मगरलोड पधारकर इस क्षेत्र के साहित्य काव्य रसिक प्रेमियों का भरपूर मनोरंजन किया। उस खुशनुमा क्षणों को हम आज भी भूले नहीं हैं। संयोगवश उसी दिन सन 2010 में ही डॉ सुरेंद्र दुबे को भारत सरकार ने पद्मश्री की उपाधि से सम्मानित किया था।



## अंचल की खबरें

### नपं अध्यक्ष ने स्वच्छता रथ को दिखाई हरी झंडी



**कुरुद।** नगर पंचायत कुरूद द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान 2025 की शुरुआत की गई। सफाई कार्यक्रम 1 से 31 जुलाई तक होगा। हाथ धुलाई, स्वच्छता शपथ, सार्वजनिक एवं शैक्षणिक संस्थाओं के परिसर में सफ़ाई, स्वच्छता रथ को हरी झण्डी दिखाकर नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति भानु चन्द्राकर ने शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कुरूदवासियों से कहा कि हमारा कुरूद नगर शासन कर हर योजनाओं में मॉडल स्वरूप बनेगा। सफ़ाई अभियान हमारा मुख्य एजेंडा है, इसमें निरंतर कार्य करते रहेंगे। मौके पर विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर, वरिष्ठ पार्षद मनीष साहू, सभापति महेन्द्र गायकवाड़, सितेश सिन्हा, राजकुमारी ध्रुव, रवि मानिकपुरी, इंजीनियर श्री सिन्हा एवं कर्मचारीगण, आत्मानंद स्कूल के अध्यापक एवं बच्चे शामिल हुए।

### कमारपारा अमाली में शाला प्रवेशोत्सव मना



**नगरी।** शासकीय प्राथमिक शाला कमारपारा अमाली में हिरौंदीबाई ध्रुव सरपंच अमाली के मुख्य आतिथ्य एवं जीतबाई सेन उपसरपंच, देवकुमार कश्यप वार्ड पंच, तिलेश्वरी ध्रुव वार्ड पंच, फुलेश्वरी मरकाम, दुर्गेश ध्रुव के विशिष्ट आतिथ्य में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। नवप्रवेशित बच्चों को अतिथियों व्दारा गुलाल चंदन कर मुंह मीठा कराया गया। तत्पश्चात निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, निःगणवेश, टी शर्ट, लोवर एवं शिक्षण सामग्री बांटी गई। अतिथियों ने मानव जीवन में शिक्षा की महत्ता एवं आवश्यकता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर पुरूषोत्तम कुमार, मनोज कुमार, सेवन यादव, सपुराबाई, दुर्गाबाई, दुखियाबाई, धनवंतीन बाई, पूजा बाई, देवन्तीन, ओमबती, सरस्वती, राखी बाई समेत बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रधानपाठक सिधेश्वर साहू एवं आभार व्यक्त शिक्षिका श्रध्दा गोस्वामी ने किया।

### सिहाद स्कूल में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव



**अंवरी।** शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक शाला सिहाद में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर व मुंह मीठा कर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती सरिता छत्रपाल बैस सरपंच सिहाद ने कक्षा पहली के 10 व छटवीं के 15 बच्चों का तिलक लगाया। गणवेश व पुस्तकें वितरित की। इस अवसर पर बच्चों के लिए न्योता भोज का आयोजन सरपंच द्वारा किया गया। मौके पर सरपंच श्रीमती सरिता छत्रपाल बैस, भेषज बैस उपसरपंच, चम्मन लाल बैस शाला विकास समिति अध्यक्ष, श्रीमती सुनीता साहू उपाध्यक्ष, छत्रपाल बैस सरपंच प्रतिनिधि, रोशन विश्वकर्मा, सन्मुख बैस, श्रीमती खेमीन बाई तारक, ललिता साहू, गायत्री साहू, चुनेश्वरी साहू, ममता पटेल, यशवंतीन यादव, गायत्री साहू सहित श्रीमती ललिता साहू प्रधानपाठिका माध्यमिक शाला, श्रीमती पूर्णिमा साहू, श्रीमती सुजीता मनहरे, एमएल साहू, धीरज दीवान, श्री नावले, बीएल मनहरे उपस्थित थे।

### सरपंच ने छात्रों को बताया जीवन में शिक्षा का महत्व



- गोरेगांव में शाला प्रवेश उत्सव पर गणवेश और पुस्तक का वितरण

**नगरी।** प्राथमिक, माध्यमिक शाला गोरेगांव में शाला प्रवेशोत्सव कन्हैयालाल नाग सरपंच गोरेगांव के मुख्य आतिथ्य एवं कौशल प्रसाद साहू प्रपा माध्यमिक शाला गोरेगांव की अध्यक्षता व जीवनलाल यादव उपसरपंच, संतराम, यदुराज ग्राम पटेल, नारदराम साहू, ओमप्रकाश नेताम, किरण साहू, चैतूराम साहू, सुनीति बाई, कुंतीबाई, कृष्णाबाई, आशा गौर, लोकेश बंजारे, संतोषी निषाद, लता साहू के विशिष्ट आतिथ्य में मनाया गया। सर्वप्रथम नवप्रवेशी बच्चों को अतिथियों द्वारा गुलाल व चंदन लगाकर मुंह मीठा कराया गया। तत्पश्चात निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, निशुल्क गणवेश का वितरण किया गया। अतिथियों ने कक्षा पहली व छठवीं के नवप्रवेशी छात्रों को जलेबी खिलाकर मुंह मीठा करवाया। सरपंच कन्हैयालाल नाग ने जीवन में शिक्षा के महत्व एवं आवश्यकता पर प्रकाश डाला। नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को खीर पूड़ी खिलाई गई। कौशलप्रसाद साहू प्रधानपाठक ने शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं को अतिथियों के समक्ष रखा। मौके पर शिक्षक राकेश चंद्रप्रभा साहू, गीतांजलि मेश्राम, ईश्वरी ऐल्मा, गंगा यादव, ऋषिकेश साहू, लावण्या सार्वा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। अतिथियों ने मां के नाम एक पेड़ लगाया। उसकी सुरक्षा का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन प्रधानपाठक चुलेश्वरी पायल व आभार प्रदर्शन राकेश कोसरिया शिक्षक ने किया।

### प्राथमिक शाला डांडेसरा में प्रवेश उत्सव मनाया गया

**डांडेसरा(धमतरी)।** शासकीय प्राथमिक शाला डांडेसरा में प्रवेश उत्सव मनाया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। समस्त अतिथियों और ग्रामीण जनों के द्वारा नव प्रवेशी बच्चों को चन्दन से अभिषेक कर स्वागत किया गया। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी प्रेमलाल ठाकुर एवं ग्राम पंचायत डांडेसरा के सचिव खेदन लाल निषाद ने कहा कि हमें शिक्षक का सम्मान करते हुए अध्ययन करना चाहिए, जीवन में कुछ पाने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। शासन के द्वारा दी जा रही मध्यान्ह भोजन, पुस्तक, गणवेश हमारे लिए उपहार है, इसका सम्मान और सदुपयोग करना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### परतापुर में हर्षोल्लास से मनाया शाला प्रवेशोत्सव



**पखांजुर।** शासकीय प्राथमिक शाला परतापुर में शाला प्रवेश उत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नवप्रवेशी बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया और उन्हें स्कूल किट प्रदान की गई। कार्यक्रम का आयोजन प्रधान अध्यापक पीके दास के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष देविनिधि नरवास, सरपंच राजाराम कोमरा, उप सरपंच बसंती टांडिया, लोकेश चक्रधारी, अर्जुन सिंह नरवास, संगीता बाई खत्री, शिक्षक-शिक्षिकाएं और ग्रामीण उपस्थित रहे।

### नगर पंचायत की टीम ने किया भवनों का निरीक्षण



**भानुप्रतापपुर।** नगर पंचायत भानुप्रतापपुर में मुख्य चौक पर स्थित सामुदायिक परिसर दुकानों और नगर पंचायत द्वारा निर्मित निर्माणाधीन भवन के पुनर्विकास के उद्देश्य से नगर पंचायत से अनुबंधित आर्किटेक्ट और इंजीनियर के द्वारा 1 जुलाई को निरीक्षण किया गया, जिसके अंतर्गत भवनों की परिस्थिति और उनकी क्षमता का आंकलन किया गया। निरीक्षण के पश्चात एस्टीमेट नक्शा प्राक्कलन बनाकर तैयार करने के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर ने एस्टीमेट, नक्शा और प्राक्कलन तैयार करने के लिए सीएमओ आईएल पटेल एवं सब इंजीनियर राकेश सिरदार को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष गजानंद डडसेना, पार्षद गुमान सिंह ठाकुर, राजकुमार यादव एवं अन्य उपस्थित रहे।

### अस्पताल पहुंचने से पहले ही महिला की गई जान

**कांकेर।** अंतागढ़ थानांतर्गत 44 वर्षीय बिंदा बाई सर्फे का अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई। कामता निवासी महेंद्र सर्फे ने पुलिस को बताया कि उसकी मां बिंदा बाई के मुंह से झाग निकल रहा था, जिसे इलाज के लिए तत्काल अस्पताल लेकर जाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित किया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है। महिला की मौत का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण का खुलासा हो सकेगा।

### जामगांव का शाउमा स्कूल जर्जर, गंदगी से छात्र परेशान



**बासनवाही।** नरहरपुर तहसील अंतर्गत संचालित शाउमा विद्यालय जामगांव का स्कूल का जर्जर हो गया है। छत से पानी टपकता है, दीवारें सीलन और दरारों से भरी हुई हैं। साफ-सफाई का नामो निशान नहीं है। ऐसे में इस स्कूल में आने वाले छात्र को हर रोज असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। जामगांव के ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से स्कूल की मरम्मत नहीं कराई गई है। ग्रामीणों ने जिला शिक्षा अधिकारी विभाग के अधिकारियों से आग्रह किया है कि विद्यालय का निरीक्षण करें और जर्जर स्कूल की मरम्मत के लिए बजट और योजना तत्काल स्वीकृत कराएं। नाराज छात्रों का कहना है कि वे कई बार स्कूल, प्रभारी प्रचार्य को इस समस्या से अवगत करा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों ने मांग किया है कि जल्द से जल्द स्कूल की मरम्मत कर नई सुविधाओं से युक्त किया जाए, ताकि बच्चों सम्मानपूर्वक और सुरक्षित वातावरण में अपने कार्य संपन्न कर सकें। बारिश के मौसम में छत से पानी टपकने लगता है, जिससे छत पूरी तरह भर जाता है। इससे न केवल बच्चों के बुक और काफी खराब होते हैं, बल्कि छत में पानी भरने की वजह से दुर्घटना का भी खतरा बना रहता है।

युक्तियुक्तकरण में की गई मनमानी का किया विरोध

# शिक्षक साझा मंच ने चार सूत्रीय मांग को लेकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद




शिक्षक साझा मंच के बैनरतले युक्तियुक्तकरण में 2008 सेटअप का पालन, क्रमोन्नति, पेंशन सहित चार सूत्रीय मांग एवं कुरूद बीईओ पर युक्तियुक्तकरण में मनमानी तरीके से शिक्षकों को परेशान करने का आरोप लगाकर इसके विरोध में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों ने बताया कि कुरूद बीईओ की कार्यशैली शिक्षकों को हताश व मानसिक रूप से परेशान करने विभागीय कार्यों को न करने के विषय को लेकर सर्व शिक्षक संघ तथा कर्मचारी फ़ेडरेशन ने पूर्व में भी हटाने की मांग स्थानीय जनप्रतिनिधियों के अलावा जिला कलेक्टर, संभाग आयुक्त, कार्यालय रायपुर तथा प्रदेश के मुखिया से की गई है। कुरूद बीईओ ने युक्तियुक्तकरण में शासन के नियम को ताक पर रखकर कर अपना नियम व मौखिक निर्देश कहकर कुरूद ब्लाक के अधिक से अधिक स्कूल जो एक परिसर में नहीं है उसका भी युक्तियुक्तकरण किया। कुरूद में अपना नियम चलाकर कुरूद के चार स्कूलों के अंग्रेजी व्याख्याताओं को हटाया गया है जबकि धमतरी नगरी मगरलोड में उसी दर्ज़ संख्या पर नहीं हटाया गया है।

इस अवसर पर साझा मंच के प्रवक्ता हुलेश चंद्राकर, ब्लाक संचालक हुमन चंद्राकर, दिनेश साहू, लुकेशराम साहू, पुरुषोत्तम निषाद, रामदयाल साहू, फालेश्वर कुर्रे, मिथिलेश कंवर, मनीष देव वर्मा, हेमलाल साहू, लीलेश्वर ग्वाल, शिप्रा कन्नौजे, वर्षा केला, भावना द्विवेदी, वासंती देवांगन, उषा लहरे, उषा साहू, मधु दीवान, मीरा चंद्राकर, भारती शेंद्रे, योगेश चंद्राकर, प्रमोद सिन्हा, टोपेश साहू, पितेश साहू, महेश कुमार कंवर, रामेश्वर साहू, कुंभकरण साहू, पंचराम ध्रुव, हेमंत हिरवानी, भूपेंद्र साहू समेत अनेक शिक्षकगण उपस्थित थे।

#### बीईओ पर मनमानी करने का आरोप, हटाने की मांग

शासन का निर्देश है कि शिक्षक विहीन स्कूलों में शिक्षकों की व्यवस्था की जाए पर सेजेस कुरूद के गणित, जीव विज्ञान, संस्कृत के सभी व्याख्याताओं को बाहर किया गया है। उस स्कूल में अभी लगभग 300 विद्यार्थी हैं। शिक्षकों की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। कुरुद ब्लाक में पद रहते हुए शिक्षकों को अन्य जिले में भेजा गया। पद को छिपाया गया। महिला सहायक शिक्षक को ब्लॉक में स्थान रहते हुए अन्य ब्लॉक भेजा गया। कुछ सहायक शिक्षक अभी अभी दिव्यांग मेडिकल प्रमाण पत्र बनवाए हैं, उनसे सेटिंग कर वरिष्ठ शिक्षकों को अतिशेष बनाया गया जबकि प्रारंभ से जो दिव्यांग हैं, उसे ही राहत देने नियम में उल्लेख है। इस प्रकार शिक्षकों को केवल परेशान एवं मनमानी करने वाले बीईओ को हटाने विरोध प्रदर्शन किया।

## यूपी में दो कथावाचकों के साथ अभद्रता यादव समाज ने की कार्रवाई की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

उत्तरप्रदेश में यादव समाज के दो कथावाचकों के साथ कथित ब्राम्हणों द्वारा की मारपीट को लेकर छग प्रदेश यादव समाज में आक्रोश है। समाजजनों ने सर्व संबंधितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए महामहिम राष्ट्रपति के नाम जिलाधीश को ज्ञापन सौंपा।

घनश्याम यादव अध्यक्ष सर्व यादव समाज जिला धमतरी, मोहन यादव, मुकेश यादव ने बताया कि उत्तरप्रदेश के इटावा जनपद में दो कथावाचक मुकुटमणि यादव और संतसिंह यादव के साथ ब्राह्मण समाज द्वारा की बर्बरता की गई है। व्यास पीठ से नीचे उतारकर दोनों कथावाचकों के साथ मारपीट कर उनकी चोटी काट ली गई। उनकी चेन, अंगूठी लूट ली गई। उन्होंने आगे कहा कि भारत तमाम संस्कृतियों, मान्यताओं, धर्मावलंबियों का देश है।

महासमुंद की कथावाचिका यामिनी साहू और मध्यप्रदेश की देविका पटेल को भी कथा वाचन से रोकने का प्रयास किया गया है। उनके साथ भी अभद्रता की गई। अब उत्तरप्रदेश के इटावा में मुकुटमणि यादव, संतसिंह यादव और उनके सहयोगी के साथ जो बर्ताव किया गया है, उसे लेकर छत्तीसगढ़ के 35 लाख यादव आहत हैं। यादव समाज ने ऐसे लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान अन्य समाजजन मौजूद थे।

## मल्हारी में अतिरिक्त कक्ष का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नगरी विकासखंड के ग्राम मल्हारी के पंचायत भवन में अतिरिक्त कक्ष के लिए भूमिपूजन किया गया। मौके पर सरपंच दिलीप सोम, राजकुमारी कोसरे, कमलनारायण, सुलोचना सोम, राजेश्वरी सोम, टेमन बिसेन, देवकी पटेल, दिनेश यादव, निर्मला निषाद, सोनल कश्यप, टिकेश्वरी पटेल, हेम पटेल, लक्ष्मी साहू, लखनलाल बघेल, कुंदनलाल मौजूद थे। सरपंच ने बताया कि पंचायत भवन में जगह का अभाव कम होने के कारण अतिरिक्त भवन का निर्माण किया जा रहा है।

## जिला अस्पताल में 50 बेबी किट का वितरण




हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

महावीर इंटरनेशनल द्वारा जिला अस्पताल में बेबी किट का वितरण किया गया। ज्ञात हो कि संस्था द्वारा पूरे देश में एक साथ बेबी किट वितरण का कार्यक्रम 1 एवं 2 जुलाई को रखा गया है। इसी क्रम में धमतरी शाखा द्वारा जिला अस्पताल में 50 बेबी किट का वितरण किया। इस आयोजन में शाखा अध्यक्षज्ञानचंद लुनावत, भंवरलाल जैन, निलेश लुंकड़, दिलीप बड़जात्या, सिद्धार्थ सेठिया, डॉ पर्पेश नाहर, अध्यक्ष सूर्या लुंकड़, संजु जैन, पूजा सेठिया, हॉस्पिटल सुप्रिटेंडेंट गिरीश कुमार, नर्स अनुराधा मेश्राम एवं लक्ष्मी गोटा का सहयोग रहा।

## प्रकृति और वन्य जीवन के संबंध को करीब से जाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी





मां भारती फिजिकल ट्रेनिंग संस्था के 50 बच्चों और 4 प्रशिक्षकों ने रायपुर स्थित जंगल सफारी का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान बच्चों को वन्य जीवों, प्राकृतिक संसाधनों और जैव विविधता के बारे में प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हुआ। बच्चों ने बाघ, तेंदुआ, भालू, हिरण, पक्षियों आदि को उनके प्राकृतिक आवास में देखा और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझा। इस दल का नेतृत्व संस्था के संचालक पीताम्बर नंदेश्वर ने किया। उनके साथ प्रशिक्षक पीएल साहू, धर्मेंद्र साहू, देवेंद्र साहू भी थे। प्रशिक्षकों ने बच्चों को वन, जीव-जंतुओं एवं प्रकृति से जुड़ी जानकारी दी।

## हाईस्कूल करेली बड़ी में शाला प्रवेशोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

शाउमावि करेली बड़ी में शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य देवेंद्र पाल एवं विशिष्ट अतिथि सरपंच खेमलता साहू, उपसरपंच तोरण आनेश्वरी एवं जीवनलाल साहू थे। अध्यक्षता प्राचार्य किशोरकुमार जांगड़े ने की। कक्षा 9वीं एवं 10वीं के छात्र-छात्राओं का गुलाल लगाकी अभिनंदन किया। खीर-पूड़ी से मुंह मीठा कराकर निःशुल्क पुस्तक का वितरण किया गया।

मुख्य अतिथि जनपद सदस्य देवेंद्र पाल ने कहा शिक्षा हर व्यक्ति का अधिकार है। शिक्षा से ही जीवन में बदलाव आता है। हम सबकी जिम्मेदारी है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न हो। विशिष्ट सरपंच खेमलता साहू ने कहा कि विद्यालय का वातावरण भयमुक्त बनाने के लिए सरकार ने शाला प्रवेश को उत्सव के रूप में मनाने की योजना बनाई तब से प्रत्येक विद्यालय में इसे पर्व के रूप में मनाया जाता है। प्राचार्य किशोर जांगड़े ने कहा कि नये सत्र की शुरुआत नई ऊर्जा के साथ करनी है। मन लगाकर अध्ययन में ध्यान देना है। मंच का संचालन जितेंद्र सुकुमार साहिर ने किया। आभार व्यक्त दुर्गा सिन्हा ने किया। मौके पर उपप्राचार्य बृजेश देवांगन, सुशील साहू, यामिनी गायकवाड़, मधु सिंह, रूक्मणि बंछोर, भावना ठाकुर, अवधराम साहू, पुनेश्वर प्रजापति, हर्षल चंद्राकर, गीतेश्वर सिंह साहू साहित पालकगण मौजूद थे।

शिक्षक साझा मंच के बैनरतले शिक्षकों ने चार सूत्रीय मांगों को लेकर किया धरना-प्रदर्शन

## शासन की शिक्षक विरोधी नीतियों के खिलाफ बोला हल्ला

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी




युक्तियुक्तकरण में हुई अनियमितता तथा क्रमोन्नत वेतनमान सहित अन्य मांगों को लेकर शिक्षक साझा मंच की धमतरी विकासखंड इकाई द्वारा गांधी चौक मैदान में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन पश्चात रैली निकालकर अपनी चार सूत्रीय मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री, शिक्षा सचिव स्कूल शिक्षा विभाग एवं संचालक लोक शिक्षण संचालनालय के नाम एसडीएम धमतरी के माध्यम से सौंपा।

मंच के जिला संचालक डॉ भूषणलाल चंद्राकार, अमित महोबे, दिनेश पांडे, दौलत राम ध्रुव, धमतरी ब्लॉक संचालकगण, गेवाराम नेताम, वरुण साहू, चेतन लाल साहू, तेजलाल साहू ने बताया कि राज्य में सरकार द्वारा युक्तियुक्तकरण के नाम भारी भर्राशाही की गई है। जिसमें उम्रदराज शिक्षकों तथा महिलाओं को जबरिया अन्यत्र भेज दिया गया है जिसके कारण कई शाला शिक्षक विहीन हो गए हैं। राज्य में प्राचार्यों एवं व्याख्याताओं की पदोन्नति नहीं हो पाई है जिसके कारण शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्य प्रभावित हो रहा है। उनकी चार सूत्रीय मांग दोषपूर्ण युक्तियुक्तकरण को दुरुस्त कर 2008 के सेटअप के अनुसार शिक्षकों की व्यवस्था किया जाना, सोना साहू प्रकरण को आधार मानते हुए समयमान वेतनमान क्रमोन्नति वेतनमान देने हेतु विभाग से जनरल आदेश जारी करने, नियुक्ति तिथि से सेवा गणना करते हुए पुरानी पेंशन सहित सम्पूर्ण लाभप्रदान करना व डीएड योग्यता धारी को भी प्राचार्य पदोन्नति में शामिल किया जाना शामिल है।

बताया कि छत्तीसगढ़ के सभी 146 विकास खण्डों सहित धमतरी जिले के चारों विकास खण्ड में शासन की शिक्षक विरोधी नीतियों के खिलाफ जमकर हल्ला बोला गया। जिला संचालक ने बताया कि राज्य सरकार शिक्षकों के आंदोलन को हल्के में लेने की भूल न करे, और शिक्षकों को परेशान करना बंद करे अन्यथा पूरे प्रदेशभर के शिक्षक स्कूलों में तालाबंदी कर अनिश्चितकालीन हड़ताल में चले जायेंगे, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी शासन-प्रशासन की होगी। मौके पर प्रांतीय संचालक देवनाथ साहू, ममता खालसा, सविता छाटा, बिंदु ध्रुव, हरीश सिन्हा, बलराम तारम, डॉ आशीष नायक, कैलाश साहू, देवेंद्र भारद्वाज, दीपक सहारे, शिवेंद्र साहू, दुष्यंत सिन्हा, हरीश कुमार साहू, धर्मेंद्र साहू, मुरारीलाल साहू, शीतल नायक, नारद देवांगन, रूपेश साहू, मोहित बनपेला, प्रदीप सिन्हा, पूर्णिमा साहू, हितेश साहू, हुलसी साहू, टीकाराम सिन्हा, चोवाराम चंद्राकर, संगीता राव, सीमा, मनोज, भूषण लाल साहू, संतोष सहित बड़ी संख्या में शिक्षक शामिल थे।

## पात्र हितग्राहियों का बना आयुष्मान कार्ड



- बरबांधा और परेवाडीह में लगा संतृप्तिकरण शिविर, शासकीय योजनाओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का लाभ देने के उद्देश्य से धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जिले में संतृप्तिकरण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में नगरी के ग्राम बरबांधा और मगरलोड के परेवाडीह में शिविर का आयोजन किया गया। बरबांधा में आयोजित शिविर में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया, जिससे उन्हें पांच लाख रूपये तक का निःशुल्क स्वास्थ्य बीमा लाभ मिल सकेगा। इसके साथ ही महिला एवं बाल विकास, कृषि, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, विद्युत विभाग, वन विभाग, सामाजिक न्याय और रोजगार गारंटी योजना से संबंधित योजनाओं की जानकारी भी ग्रामीणों को दी गई। बरबांधा में आयोजित संतृप्तिकरण शिविर में आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड सुधार एवं नए आवेदन, पेंशन योजनाओं की जानकारी, स्वरोजगार के लिए मार्गदर्शन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत पंजीयन आदि से हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

इसी तरह मगरलोड के ग्राम परेवाडीह में आयोजित संतृप्तिकरण शिविर में 10 लोगों का आधार कार्ड अपडेट और अद्यतन किया गया। आयुष्मान भारत योजना के तहत 3 लाभार्थियों का पंजीयन, राशन कार्ड में 15 नए नाम जोड़े गए एवं एक नया राशन कार्ड जारी किया गया। इसी तरह 20 लोगों को जाति प्रमाण पत्र जारी किया गया और 23 श्रमिकों का श्रम कार्ड पंजीयन किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 47 ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई।

धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत मिलेगा प्रशिक्षण

# बांस से आएगी कमारों के जीवन में हरियाली

- बांस की खेती के लिए भी सहायता मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



जिले के सुदूर वनांचलों में निवास करने वाले विशेष पिछड़ी कमार जनजाति के परिवारों में बांस जल्द ही सुख-समृद्धि की हरियाली लेकर आएगा। केन्द्र सरकार द्वारा संचालित धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत कमारों सहित जिले के अन्य जनजातीय परिवारों को भी बांस की खेती और बांस कला में निपुण किया जाएगा। इस अभियान के तहत जनजातीय परिवारों को बांस की खेती के आधुनिक तरीके तो सिखाए ही जाएंगे। इसके साथ ही उन्हें बांस कला का उन्नत प्रशिक्षण देकर कई सजावटी वस्तुएं बनाने, फर्नीचर और घरेलू उपयोग की वस्तुएं बनाने का भी प्रशिक्षण मिलेगा। बांस के बने उत्पादों को बेचने के लिए आदिवासी परिवारों को बाजार और विपणन के क्षेत्र में भी सहायता दी जाएगी। इसके लिए बांस विशेषज्ञों ने एक दिवसीय कार्यशाला का भी आयोजन कर जनजातीय समुदाय के प्रतिनिधियों को प्रोत्साहित किया है।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने बताया कि जनजातीय जीवन में बांस का अपना अलग महत्व है। बांस न केवल आजीविका के नये अवसर प्रदान करता है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी उसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। कलेक्टर ने बताया कि जिले के गंगरेल और तुमराबाहरा में बांस की खेती के लिए विशेष कार्ययोजना बनाई जा रही है। जिले की विशेष पिछड़ी जनजाति कमार बसाहटों में कमार परिवारों द्वारा बांस से बनाई गई सामग्रियों को उनके आर्थिक विकास से जोड़ने के लिए भी योजना तैयार की गई है। बांस विशेषज्ञ सेवानिवृत्त भारतीय वन सेवा के अधिकारी ए.के. भट्टाचार्य ने इन दोनों विषयों पर जनजातीय समुदाय के प्रतिनिधियों को महत्वपूर्ण जानकारियों और तकनीकी मार्गदर्शन दिया है। कलेक्टर ने बताया कि बांस से न केवल पारंपरिक चीजें, बल्कि आधुनिक घरेलू और सजावटी सामग्रियां जैसे फर्नीचर, लैम्प, पेन स्टेंण्ड, झाड़ू, सूपा, आकर्षक टाकेरियां, बड़ी-छोटी प्लेटनुमा झौवा, पानी की बोतलें, टूथब्रश और बांस की ज्वेलरी भी बनाई जा रही है।

जिले में बांस को जनजातीय परिवारों की आय का मुख्य साधन बनाने के लिए बैम्बू ब्लेज, आर्टिफिशियल कार्ड, बैम्बू एफपीओ, किसान बैम्बू क्रेडिट कार्ड, बैम्बू निर्माता-क्रेता-विक्रेता, मीट आदि के लिए भी प्रयास तेज होंगे। जिले में बांस का काम करने वाले 20 से अधिक जनजातीय कारीगरों को उनके कौशल उन्नयन के लिए महाराष्ट्र के चन्द्रपुर स्थित बांस कला केन्द्र भी भेजा जाएगा।

## ग्रामीणों को जाति, निवास, आय प्रमाण-पत्र तत्काल दिए गए

- मथुराडीह और भोथापारा में लगा संतृप्तिकरण शिविर, शासकीय योजनाओं की दी जानकारी

**धमतरी।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत धमतरी के ग्राम मथुराडीह और नगरी के ग्राम भोथापारा में संतृप्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। मथुराडीह में आयोजित शिविर में ग्रामीणों को जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेज मौके पर वितरित किए गए। साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण और दवाओं का वितरण भी किया गया। कृषि, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा और श्रम विभाग द्वारा भी स्टॉल लगाए गए, जहां पर लोगों को योजनाओं के बारे में बताया गया और आवेदन फॉर्म भरवाए गए। ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच के साथ साथ स्वास्थ्य अमले ने विभिन्न बीमारियों एवं निदान व रोकथाम के बारे में बताया गया। शिविर में जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को प्रेरित किया कि वे शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लें और अपने जीवन स्तर को बेहतर बनाएं। नगरी के ग्राम भोथापारा में आयोजित शिविर में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 1 हितग्राही का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। साथ ही प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 10 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारीगण एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे, जिन्होंने ग्रामीणों को योजनाओं के लाभ, पात्रता एवं आवेदन प्रक्रिया की जानकारी दी। इस शिविर के माध्यम से शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की दिशा में एक सकारात्मक पहल की गई है।

## खबर संक्षेप

### सरपंच ने भारी वाहनों को प्रतिबंधित करने सौंपा पत्र



संबलपुर। विकासखंड भानुप्रतापपुर का सबसे बड़ा बाजार संबलपुर में बुधवार को लगता है। संबलपुर का बाजार मुख्य सड़क मार्ग में ही फैला होता है, इसमें भारी वाहनों के प्रवेश से अक्सर जाम लग जाता है। इस समस्या को लेकर संबलपुर सरपंच अनीता रावटे ने एसडीओपी शेर बहादुर सिंह को साप्ताहिक बाजार के दिन दोपहर एक बजे से शाम सात बजे तक भारी वाहनों को प्रतिबंधित करने का ज्ञापन सौंपा है । संबलपुर सरपंच ने बताया कि बाजार के दिन कई घंटे जाम भी लग जाता है और लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई बार दुर्घटनाएं भी हो चुकी है।

### ग्रामीण के कब्जे से दस लीटर महुआ शराब किया जब्त

**कांकेर।** थाना कांकेर पुलिस ने ग्राम कोकड़ी में छापामार कार्यवाही करते हुए शराब कोचिए राधेश्याम कडियाम पिता स्व. बिदे सिह कडियाम उम्र 40 वर्ष निवासी कोकड़ी के कब्जे से 10 लीटर अवैध महुआ शराब को जप्त कर उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। जानकारी के अनुसार 30 जून को उपनिरीक्षक सुरेन्द्र मानिकपुरी, सउनि भुनेवरी भगत, आरक्षक रोशन राठौर, आरक्षक शिव नेताम महिला आरक्षक सुभिया गोटा के जुर्म जरायम पता साजी टाउन पेट्रोलिंग पर रवाना हुआ था। मुखबिर से जानकारी मिली कि ग्राम कोकड़ी में राधेश्याम कडियाम पिता स्व. बिदे सिह कडियाम उम्र 40 वर्ष निवासी कोकड़ी के द्वारा अवैध रूप से महुआ शराब बिक्री करता है। मुखबीर की जानकारी तस्दीक करके गवाहों को हमराह लेकर रेड की कार्यवाही किया गया। आरोपी राधेश्याम के कब्जे से एक 05 लीटर वाली पीले रंग की प्लास्टिक जरकीन में 05 बल्क लीटर, एक 05 लीटर वाली मटमैला रंग के जरकीन में 05 बल्क लीटर एवं 100 रूपया बिक्री रकम बरामद होने से आरोपी का कृत्य धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का घटित होना पाए जाने से मौके पर आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध कायम कर वैधानिक कार्रवाई की गई।

### आर्मी के जवान से शराब पीने चार युवकों ने मांगा पैसा

**कांकेर।** चारामा में शराब भट्टी में शराब लेने के लिए गए आर्मी के जवान के साथ चार लोगो ने मिलकर मारपीट किया। चारो युवक पहले तो शराब पीने के लिए जवान से पैसे की मांग किया। जवान ने पैसा देने से मना करने पर सभी चारों आरापियों ने आर्मी जवान के साथ हाथ मुक्का से मारपीट कर दिया। जवान की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया गया। चारामा थानांतर्गत ग्राम आवासपारा करिहा निवासी 38 वर्षीय रविन्द्र कुमार जुर्री पिता दुख राम जुर्री ने पुलिस को बताया कि आर्मी के 36 आरआर में नायक के पद पर पदस्थ होकर वर्तमान में कश्मीर में कार्यरत हूं। मैं 45 दिवस के अवकाश में अपने घर ग्राम करिहा आया हूं और 1 जुलाई को दोपहर1 बजें शराब भट्टी गया था। शराब भट्टी रोड चारामा में 4 लड़के मुझे रोककर शराब पीने के लिए पैसा मांग रहे थे।

दाम अधिक होने के बाद भी हाथों-हाथ बिक रही

# मौसमी सब्जी फूटू और बोड़ा ने दी बाजार में दस्तक





### इसमें खनिज, प्रोटीन की प्रचुरता से शरीर स्वस्थ रहता है : डॉ. पचौरी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सावन का महीना लगते ही ट्राइबल क्षेत्र से आने वाले मौसमी सब्जी फूटू और बोड़ा की इन दिनों बाजारों में बहार है। स्वाद और पौष्टिकता से परिपूर्ण फूटू और बोड़ा के लाजवाब स्वाद को चखने की चाहत में लोग साल भर इंतजार करते हैं। बारिश के आगमन के साथ ही इनकी बाजारों में आमद बढ़ जाती है। बस्तर, कांकेर, नगरी क्षेत्र से आने की वजह से रेट काफी अधिक है, फिर भी लोग इसे हाथोंहाथ खरीद रहे हैं। विशेषज्ञ बताते हैं कि प्राकृतिक रूप से उगे होने के कारण यह विटामिन्स, खनिज लवन, पौष्टिकता से परिपूर्ण होती है। प्राकृतिक जड़ी बूटी की संज्ञा देकर इसे खाने की सलाह दी जाती है। फूटू और बोड़ा का संतुलित रूप से सेवन करने से शरीर निरोगी रहता है।

#### फूटू 1000 तो बोड़ा 400 रुपए किलो

शहर में फूटू 1000 तो बोड़ा 400 रुपए किलो बिक रहा है। बाजार आते ही लोग इसे हाथोंहाथ खरीद रहे हैं। चारामा क्षेत्र से पहुंचे व्यवसायी त्रिलोक मरकाम, पवन कुंजाम ने बताया कि फूटू और बोड़ा का कलेक्शन वे जंगल में जाकर करते हैं। प्रतिदिन सुबह बारिश होने के बाद फूटू और बोड़ा धरती से बाहर निकलते हैं, जिसे चुनकर वे घर लाते हैं। साफ करने के बाद बाजार में बेचने आते हैं। फूटू और बोड़ा निकालना काफी मुश्किल काम होता है। जंगल के अंदर 5-7 किमी दूर जाना पड़ता है। दीमक द्वारा बनाया गया मिट्टी टीला जो अंदर गहरा होता है, वहां से फूटू निकलता है। बोड़ा सरई पेड़ के नीचे जड़ के आसपास होता है जिसे वे बारिश से चुनकर लाते हैं।

#### कार्बनिक और जैविक पदार्थ का मिश्रण

कृषि वैज्ञानिक विरेंद्र वर्मा का कहना है कि फूटू तथा बोड़ा जंगल में ही उगते हैं, इसलिए इसे वाइल्ड मशरुम कहा जाता है। बोलचाल की भाषा में इसे बटन मशरूम कहते हैं। ये प्राकृतिक रूप से उगते हैं। यह कार्बनिक और जैविक सामग्री का मिश्रण है। स्पोर पूरे जंगल में फैल जाते है। जिससे माइसेलिय विकसित होता है। मिट्टी में प्रवेश करते बटन मशरुम, फूटू, बोड़ा का रूप धारण कर लेता है। वैज्ञानिक भाषा में फ्रूटिंग बाडी का निर्माण होता है जो शरीर के लिए उपयुक्त है।

आयुर्वेदाचार्य डा. अवध पचौरी ने बताया कि प्राकृतिक रूप से उगे होने की वजह से फूटू और बोड़ा में खनिज लवण और प्रोटीन की प्रचुरता रहती है। सालभर में एक बार मिलती है इसलिए इसका औषधि के रूप में सेवन कर सकते हैं। इसे पकाते समय ज्यादा तीखा मसाला का उपयोग न करें। अच्छे से धोकर पकाएं और सेवन करें। फूटू और बोड़ा के सेवन से शरीर में विटामिन्स, खनिज, कैल्शियम, प्रोटीन की कमी पूरी होती है। इसका सेवन सीमित मात्रा में करना चाहिए।

# राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की आमसभा 7 को रायपुर में

- पूर्व कैबिनेट मंत्री सत्यनारायण ने ली जिले के कांग्रेसियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की आमसभा 7 जुलाई को राजधानी रायपुर में होगी। किसान, जवान, संविधान सभा के नाम से होने वाले इस आयोजन की तैयारी में जिला कांग्रेस कमेटी धमतरी जटी हुई है। जिला कार्यक्रम प्रभारी एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री सत्यनारायण शर्मा की मौजूदगी में राजीव भवन में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं क्री बैठक हुई, जिसमें कार्यक्रम को सफल बनाने आवश्यक रणनीति बनाई गई। सत्यनारायण शर्मा ने कहा कि यह सभा देश के वंचित वर्गों की आवाज को बुलंद करने के लिए है। हम संविधान की रक्षा करने स्वतंत्रता, समानता और न्याय के मूल्यों को बनाये रखने के लिए आवाज उठाएंगे।

इस दौरान शरद लोहाना अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी, विधायक ओंकार साहू, अंबिका मरकाम, पूर्व विधायक हर्षद मेहता, डॉ लक्ष्मी ध्रुव, पूर्व जिला अध्यक्ष मोहन लालवानी, पूर्व महापौर विजय देवांगन, प्रदेश संयुक्त महामंत्री पंकज महावर, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीशु चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य नीलम चंद्राकर, कविता बाबर, पूर्व आयोग उपाध्यक्ष राजकुमारी दीवान, पूर्व पीसीसी सचिव आनंद पवार, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष तपन चंद्राकर, पूर्व जनपद अध्यक्ष शारदा साहू, जिला कोषाध्यक्ष सलीम रोकड़िया, जिला उपाध्यक्ष भरत नाहर, ब्लॉक अध्यक्ष आकाश गोलछा, योगेश शर्मा, घनश्याम साहू, कैलाश प्रजापति, भूषण साहू, आशीष शर्मा, अखिलेश दुबे, राजू साहू, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष राजा देवांगन, प्रदेश महामंत्री महिला कांग्रेस सूर्यप्रभा चेटियार, सेवादल जिला अध्यक्ष होरीलाल साहू, नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर, उपनेता प्रतिपक्ष विशु देवांगन, कुरुद नपं उपाध्यक्ष देवव्रत साहू, वरिष्ठ कांग्रेस नेता गोपाल शर्मा, मदन मोहन खंडेलवाल, अरविंद दोशी, विजयप्रकाश जैन, सूर्याराव पवार, हितेश गंगवीर, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष योगेश बाबर, शास्त्री सोनवानी, अनीता ठाकुर, उदित नारायण साहू, डुमेश साहू, प्रमोद साहू, अमरदीप साहू, राजेश ठाकुर, तारीख रजा कादरी, गनेश्वरी कामड़े, आशुतोष खरे, सूरज पासवान, संजु साहू, वातंजलि गोस्वामी, रजत सोनकर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सिलीडीह हाईस्कूल में शाला प्रवेशोत्सव मना

**जीजामगांव।** सिलीडीह हाईस्कूल में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष जितेन्द्र यादव, सरपंच श्रीमती रुचि देवांगन, सांसद प्रतिनिधि योगेश्वर सेन समेत पालकों ने शाला के नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर व मुंह मीठा कराकर स्वागत किया।

## मेनोनाईट स्कूल में डाक्टर्स एवं सीए का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मेनोनाईट इंग्लिश सी. से. स्कूल में डाक्टर्स एवं सीए डे पर डाक्टर्स एवं सीए का सम्मान किया गया। ज्ञात हो कि हर वर्ष 1 जुलाई को डाक्टर्स एवं सीए डे मनाया जाता है। इस दिन जिनका जीवन किसी न किसी तरह डाक्टर्स एवं सीए से जुड़ा हो, वे उन्हें धन्यवाद करते हैं और उनका आभार व्यक्त करते हैं। भारत में पहली बार राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाने की शुरुआत 1991 में डा. विधानचंद्र राय की याद में हुई।

इस अवसर पर शाला के पूर्व विद्यार्थी रहे डा. आशीष खालसा, डा. सुधीर चटर्जी, सीए विशाल बख्तानी को आमंत्रित कर उन्हें स्मानित किया गया। ज्ञात हो कि डा. आशीष खालसा, खालसा हास्पिटल में रेटिना स्पेशलिस्ट हैं। डा. सुधीर चटर्जी डायबिटीक स्पेशलिस्ट हैं जो चटर्जी हास्पिटल में अपनी बहुमूल्य सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। दोनों ने ही शाला से प्राप्त अपनी शिक्षा एवं अपने अनुभवों के आधार पर इस क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने छात्रों का मार्गदर्शन किया। सीए विशाल बख्तानी ने भी सीए बनने के लिए आवश्यक जानकारियां छात्रों से साझा की। इस अवसर पर शाला के विद्यार्थियों ने डाक्टर्स एवं सीए पर आधारित लघु नाटिका प्रस्तुत की और हमारे जीवन में इनके महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान शाला की प्राचार्या श्रीमती एचके खालसा को शिक्षकीय जीवन के 37 वर्ष पूर्ण होने पर शाला परिवार ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। प्रबंधन समिति के मैनेजर एमके मसीह एवं शाला की प्राचार्या श्रीमती एचके खालसा ने भविष्य में भी छात्रों को उचित मार्गदर्शन देने का निवेदन किया।

## जनपद अध्यक्ष, ग्रामीणों ने बेलगाम 4 हाइवा को रोका



- बिना पिटपास के हो रहा था रेत का अवैध परिवहन, हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी


छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बारिश में रेत खदान को बंद करने का निर्देश जारी होने के बावजूद रेत खदान दोनर से रात में अवैध रूप से गाड़ियों से रेत निकाली जा रही है। सोमवार को अधिकारियों द्वारा 26 हाइवा पकड़ने के बावजूद रेत माफियाओं को कोई डर नहीं है। सोमवार रात को मेन रोड में हाइवा की आवाजाही को देखते हुए जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव, सरपंच और ग्रामीणजनों ने हाइवा को रोका। पूछताछ करने पर बताया कि गाड़ी खदान से आ रही है। बिना पिटपास के रेत का अवैध परिवहन कर रहे हैं। अंगिरा ध्रुव ने खनिज विभाग को रात को कॉल कर इसकी जानकारी दी और अधिकारियों ने 4 हाइवा पर तुरंत कार्रवाई की।

ज्ञात हो कि धमतरी जिले में अवैध खनिज परिवहन, भंडारण और उत्खनन पर लगातार कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। अंगिरा ध्रुव और ग्राम के सदस्यों ने रात के 11 बजे हाइवा को रोका। हाइवा की स्पीड अधिक थी। अंगिरा ध्रुव और ग्रामीणों ने अवैध परिवहन को रोकने और हाइवा की स्पीड पर लगाम कसने की मांग की है। मौके पर सरपंच प्रतिनिधि दीपक साहू, भीखम निषाद, राहुल सिन्हा, अरुण ध्रुव, पेमन सिन्हा, लुभान्श सिन्हा, नीलमणि, गज्जू यादव उपस्थित थे।

## शहर की जनता सदर बाजार के जाम से मुक्ति चाहती है, जिम्मेदारों ने मुंह मोड़ा

- हर पल जाम से राहगीर परेशान, चौड़ीकरण के लिए कई बार हुई नापजोख

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



शहर का सबसे ज्यादा पुराना मार्केट सदर बाजार का 50 साल बाद भी कायाकल्प नहीं हुआ है। संकरी गलियों में हर पल जाम से राहगीर परेशान हैं। सदरबाजार चौड़ीकरण की गुहार के बाद भी प्रशासन मौन है। जिम्मेदारों का इस तरह से मुंह मोड़ना ठीक नहीं है।सदरबाजार के चौड़ीकरण के लिए कई बार नापजोख हो चुकी है। कुछ असंतुष्टों के चलते फाइल आलमारी में कैद है। सुबह से रात 9 बजे तक कई बार जाम की स्थिति बनने से राहगीर परेशान हैं। इमरजेंसी पेशेंट, विद्यार्थी, शासकीय, प्राइवेट, कर्मचारी, आम नागरिक ऐसे हैं जिन्हें हर रोज इस मार्ग से गुजरना पड़ता है। चौक-चैराहों में जाम की हालत से खासे परेशान रहते हैं। 4 किमी लंबा रास्ता तय करने में 30-45 मिनट का समय लगता है। लोगों को गंतव्य तक पहुंचने में विलंब होता है। इस बात की जानकारी स्थानीय जनप्रतिनिधि जिला एवं निगम प्रशासन, ट्रेफिक, पुलिस विभाग को है फिर भी वे अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़ रहे हैं।

शहरी नागरिक नारायण दुबे, अखिलेश शर्मा, नितिन प्रजापति, वेदप्रकाश साहू, राजेन्द्र सोनकर, कामता दुबे आदि का कहना है कि शहर के सिहावा रोड, रायपुर रोड, बस्तर रोड, रूद्री रोड, बिलाई माता मार्ग जैसे मार्ग का नवीनीकरण हो रहा है। सदर मार्ग का भी जीर्णोद्धार होना चाहिए। 4 किमी इस मार्ग की हालत खराब है। 50 साल की अवधि में सदर बाजार गलियां बनकर रह गया है।

दोपहिया, चारपहिया, तीन पहिया वाहनों की आवाजाही से रामबाग, गणेश चौक, कचहरी चौक, चमेली चौक, मठ मंदिर चौक, गोल बाजार के पास मेगा जाम लग जाता है। राहगीरों को आधा दर्जन जाम प्वाइंट से गुजरना होता है। कई बार तो 15 मिनट तक लंबा जाम रहता है। जिला बनने के बाद सदर बाजार के चौड़ीकरण की मांग जोर पकड़ने लगी थी। 2000 से 2025 की अवधि में दर्जनों बार मांग हुई, नापजोख कराई गई। चिन्हांकन के बाद मामला ठंडे बस्ते में चला जाता है।

## कुरूद में नहीं थम रहा चोरी-लूटपाट का सिलसिला

### घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल पार

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

कुरुद थाना अंतर्गत चोरी-लूटपाट का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। मेन रोड से लगे घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल पार हो गई। पीड़ित अब पुलिस थाने का चक्कर लगा रहा है वहीं क्षेत्र में रोज इस तरह के कई मामले सामने आते हैं, परंतु पुलिस थाने के चक्कर लगाने के डर से लोग शिकायत दर्ज नहीं करवाते।

ज्ञात हो कि पिछले कुछ समय से नगर



एवं ग्रामीण क्षेत्र में चोरी और लूट की घटनाओं में इजाफा हुआ है। कुछ दिनों पूर्व नगर के दो मंदिरों में चोरी हुई, इसके आरोपियों को पुलिस ने पकड़ लिया है, लेकिन चोर गिरोह ने पुलिस के समक्ष फिर नई चुनौती पेश कर दी है। नगरवासी दिलीप जादवानी ने लचर कानून व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन को जिम्मेदार ठहराते हुए बताया कि मेरा घर मेन रोड से लगा हुआ है। बाहर खड़ी बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल सीजी 05 एजी 5014 की चोरी कर ली गई। ज्ञात हो कि कुछ दिनों पूर्व चंद्राकर भवन के पास एक स्कूटी पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया था, जिसकी शिकायत थाने में हुई, पुलिस ने तो कुछ नहीं किया, लेकिन स्कूटी मालिक की सजगता से डुप्लीकेट चाबी बनवाते चोर पकड़ में आ गया। रात में बाहर खड़ी गाड़ी और पेट्रोल चोरी की घटना आये दिन होने लगी है। साप्ताहिक बाज़ार मंगलवार के दिन अब तक कितने ही लोगों की जेब से सैकड़ों कीमती मोबाइल पार कर दिया गया है। कुछ दिनों पूर्व ग्राम राखी के एक व्यक्ति के साथ नगर के व्यस्तम सड़क पर गुंडागर्दी कर लूटपाट की गई। हाल ही में केनाल रोड पर मोटरसाइकिल से आये दो लोग डरा धमकाकर एक व्यक्ति से मोबाइल और पैसा छीन रफू चक्कर हो गए।

## ओबीसी महासभा ने 23 सूत्रीय मांगों का सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मंगलवार को ओबीसी महासभा ने जनकल्याणकारी योजना में समानुपातिक हिस्सेदारी प्रदान करने को लेकर प्रधानमंत्री, गृहमंत्री सहित राज्यपाल, मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

ओबीसी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम एवं जिला पदाधिकारी ओमप्रकाश साहू, पवन कुमार साहू, वर्षा संजय साहू, यक्षदेव पटेल, भगवती सोनकर आदि ने कलेक्टर को दिए ज्ञापन में कहा है कि ओबीसी महासभा विभिन्न विषयों पर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री के नाम प्रशासन को हर माह ज्ञापन सौंपती है, लेकिन आज तक राष्ट्रीय जनगणना एवं 2 दिसंबर 2022 को पारित आरक्षण संसोधन अधिनियम विधेयक में राज्यपाल के हस्ताक्षर जैसी ज्वलंत समस्याएं यथावत बनी हुई हैं। ओबीसी महासभा ने 23 बिन्दुओं पर ओबीसी के हित, संरक्षण एवं संवर्धन पर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

हाटकेश्वर नागपंचमी महोत्सव 2025
काल सर्प दोष निवारण यज्ञ अनुष्ठान
28 एवं 29 जुलाई 2025
नागपंचमी पर्व पर सिद्ध पीठ नागमंदिर हटकेशर में काल सर्प दोष निवारण यज्ञ अनुष्ठान त्र्यबंकेश्वर ज्योर्तिलिंग के विद्वान पंडितो के सान्निध्य में किया जाएगा।
पंजीयन 2101/- रूपए
9993157703, 8319628583
9340292572, 9589261876




आज दशगात्र

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरी पत्नी श्रीमती खेमबाई साहू का स्वर्गवास दिनांक 24.06.2025 दिन मंगलवार को हो गया है अतः ब्रम्हलीन आत्मा की शांति हेतु दशगात्र कार्यक्रम में आप सपरिवार पधारकर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें।
स्व. खेमबाई साहू
जन्म 11.05.1954 | स्वर्गवास 24.06.2025
दशगात्र कार्यक्रम
दशगात्र - 02.07.2025, दिन बुधवार, कार्यक्रम स्थल : गातापार (कोर्रा)
टीप : तालाब का कार्यक्रम दोपहर 12 बजे
शोकाकुल परिवार
पुष्पा साहू-तेजराम, गीता साहू- अशोक (बेटी-दामाद)
लक्ष्मी साहू - जीवधन, वर्षा साहू-प्रेमलाल (बेटी-दामाद)
अमित, ताजेश, शुभम, छत्रपाल, जतिन, आशीष, गीतकुमार, गगन, अनन्या, लक्ष्य, दक्ष, दीप्षा, समृद्धि, समष्टि एवं समस्त गंगबेर परिवार
विनीत
श्री बसंत कुमार साहू (पति)
श्री ओंकारप्रसाद-शकुनतला (देवर-देवरानी)
श्री हरीश साहू-किरण साहू (पुत्र-पुत्रवधु)
श्री भूषण लाल-रामेश्वरी (पुत्र-पुत्रवधु)
श्री पुरन लाल-रेखा साहू (पुत्र-पुत्रवधु)
मो.नं. 7999460985, 7869350171
टीप - जिन प्रियजनों एवं साथियों को शोक पत्र नहीं मिल पाया हो वह इसे ही आमंत्रण स्वीकार करें।

हाथ पैर में दर्द होना, जोड़ो में दर्द व सूजन, गठिया वात, साइटिका, झिनझिनी वात, कमर दर्द, घुटनों का दर्द, अकड़न, नसरोग व लकवा रोग में
तुरंत आराम के लिए

| दवा का नाम | कीमत |
|---|---|
| 1. टेब. रुमारेक्स जी.एस.आर. | 30 टेब. का 700/- रु. |
| 2. टेब. कैल्सिओस्ट | 30 टेब. का 150/- रु. |
| 3. ऑइल स्नायुकल्प | 100 मिली का 250/- रु. |
| 4. चूर्ण नेचुरली | 100 ग्राम का 150/- रु. |
| | टोटल - 1220/- रु. |
| 5. अन्य : आर-फीट गोल्ड माल्ट | कीमत - 550/-रु. |

– दवाई मिलने का स्थान –
तुलसी आयुर्वेदिक दवा की दुकान
बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी
(सुबह 10 से 5 बजे तक) मो. 9993010732

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)

डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज